भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में श्री सौरभ विजय ने कार्यभार ग्रहण किया

प्रविष्टि तिथि: 18 MAY 2026 4:06PM by PIB Delhi

श्री सौरभ विजय ने सोमवार को भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। वे महाराष्ट्र कैडर के 1998 बैच के आईएएस अधिकारी हैं।

आईआईटी-दिल्ली से सिविल इंजीनियर, उन्होंने महाराष्ट्र सरकार और भारत सरकार में कई पदों पर कार्य किया।

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण में शामिल होने से पहले, वे महाराष्ट्र सरकार के वित्त विभाग में प्रधान सचिव (व्यय) थे। इस पद पर रहते हुए उनके पूर्व के कार्यभारों में महाराष्ट्र के योजना एवं विकास आयुक्त के प्रधान सचिव, पर्यटन के प्रधान सचिव, चिकित्सा शिक्षा सचिव, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा सचिव आदि शामिल हैं।

उन्होंने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई महत्वपूर्ण पदों पर केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर कार्य किया है, जिनमें नई दिल्ली में राष्ट्रपति सचिवालय में निदेशक और वाशिंगटन डीसी में विश्व बैंक में बांग्लादेश, भूटान, भारत और श्रीलंका के कार्यकारी निदेशक के सलाहकार के रूप में कार्य करना शामिल है।

***

पीके/केसी/एचएन/एसके

(रिलीज़ आईडी: 2262333) आगंतुक पटल : 884
इस विज्ञप्ति को इन भाषाओं में पढ़ें: English , Urdu , Marathi , Bengali , Punjabi , Gujarati , Tamil , Telugu